वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 61 | गुरुवार 29 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राम मंदिर से रेलवे स्टेशन को जोड़ने के लिए वैकल्पिक मार्ग पर हुआ विचार



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर रेलवे जंक्शन के क्षेत्र में यातायात के दबाव को कम करने के लिए एक रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण करने की संभावनाएं तलाशी जा रही है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया की अध्यक्षता में बुधवार को शासन सचिवालय में इस संबंध में जयपुर विकास प्राधिकरण एवं उत्तर-पश्चिम रेलवे के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई। गालरिया ने बताया कि राम मंदिर (बनीपार्क) से द्वितीय प्रवेश द्वार रेलवे स्टेशन (हसनपुरा चौराहा) को जोड़ने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग का निर्माण कर यातायात को सुगम बनाया जा सकता है। रेलवे के सहयोग से इस प्रस्ताव को जल्द मूर्त रूप देने के लिए बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। प्रस्ताव के अनुसार, वैकल्पिक मार्ग रेलवे लोको कॉलोनी से होकर गुजरेगा। इससे शहर के दो व्यस्ततम क्षेत्रों-कलेक्ट्रेट (बनीपार्क) एवं हसनपुरा चौराहा (सिविल लाइन्स) में यातायात के भार को कम किया जा सकेगा।

# जयपुर में मानसून आया, नगर निगम ग्रेटर की हालत खराब

### अब भी 100 नालों में नहीं हुई सफाई, बोर्ड बैठक में ज्यादातर पार्षदों ने की शिकायत

**जयपुर. कासं**

जयपुर में मानसून की एंट्री हो चुकी है, लेकिन शहर में अब भी सभी नालों की सफाई पूरी नहीं हुई जिन नालों की सफाई पिछले कुछ समय पहले की थी उनका कचरा भी अब वापस बरसात के पानी से बहकर नालों में वापस चला गया। जयपुर नगर निगम ग्रेटर में हुई साधारण सभा में भी नालों की सफाई का मुद्दा छाया रहा। अधिकांश पार्षदों ने अपने-अपने एरिया में नालों की सफाई नहीं होने की बात सदन में रखी। नगर निगम ग्रेटर के 150 वार्डों में 745 नाले चिह्नित किए हैं, जिनकी सफाई का काम मानसून से पहले नगर निगम ग्रेटर प्रशासन को करवाना था, लेकिन इनमें से अभी 100 से ज्यादा नाले ऐसे हैं, जहां की सफाई तक नहीं हुई। बिपरजॉय तूफान से पहले तक जिन नालों की सफाई करके कचरा बाहर निकाला गया, उन नालों में बारिश के पानी में कचरा बहकर फिर से नालों में चला गया।

### शहर में अब तक नहीं उठा कचरा

जयपुर शहर में अब भी कई मुख्य मार्गों पर नालों की सफाई के बाद से कचरा नहीं उठा। अजमेरी गेट से महारानी कॉलेज जाने वाले मार्ग (टोंक रोड) पर अब भी नाले से निकले कचरे और मलबे के ढेर लगे हुए है। मालवीय नगर, मुरलीपुरा, विद्याधर नगर और सांगानेर जोन में अब भी नालों की सफाई का काम चल रहा है जबकि जगतपुरा, झोटवाड़ा और मानसरोवर में सभी नालों की सफाई का दावा किया जा रहा है। सदन में हर पार्षद की ओर से नालों की सफाई नहीं होने और जगह-जगह मैन हॉल खुले रहने की शिकायत के बाद आज मेयर सौम्या गुर्जर को भी एक नोटशीट लिखनी पड़ी है। 9 बिंदुओं पर इंगित करते हुए सभी अधिकारियों को जल्द से जल्द काम करवाने के निर्देश दिए है, ताकि बारिश के समय किसी तरह की कोई दुर्घटना न हो।



### इन पर काम करने के निर्देश

शहर के उन सभी मैनहॉल के ढक्कन लगवाए जहां नहीं है। जिनके ढक्कन डेमेज है उनको रिप्लेस करवाए। नालों की सफाई से निकला कचरा जल्द से जल्द उठवाएं। साथ ही जिन नालों की सफाई का काम चल रहा है उसे जल्द पूरा करके उनका कचरा हाथों-हाथ उठवाएं। जिन नालों पर फेरो कवर या पट्टियां डेमेज है उनको बदलवाए, ताकि बारिश में कोई हादसा न हो। शहर में रोड लाइट और पार्कों में लगे पोल के पास लगे बॉक्स को कवर करना और खुले तारों को अच्छे से पैक करवाना, ताकि पानी भरने पर करंट फैलने से कोई दुर्घटना न हो।

# अमेरिका में जीती जयपुर की फिल्म: शॉर्ट फिल्म लास्ट गेस्प ने बटोरी सुर्खियां, 120 देशों से आईं फिल्में

**जयपुर.. कासं**

न्यूयॉर्क में इस वर्ष आयोजित हुए द स्टूडेंट वर्ल्ड इम्पेक्ट फिल्म फेस्टिवल में जयपुर के जाने-माने थिएटर आर्टिस्ट अनिल मारवाड़ी की शॉर्ट फिल्म लास्ट गेस्प को सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है, यह फिल्म क्वॉटर फाइनल में जीत हासिल कर चुकी है। फिल्म के प्रोड्यूसर रोहित रावत ने बताया कि इस फेस्टिवल में 120 देशो से कुल 13868 फिल्में आई। जिसमें भारत से केवल दो लघु फिल्मों का चयन किया गया।



बिना संवाद की तंबाकु निषेध पर बनी इस लघु फिल्म लास्ट गेस्प को काफी सराहा गया। दुनियाभर से आए जजेज ने इस फिल्मों को लेकर कई टिप्पणियां भी की। एक जज ने कहा कि इस फिल्म ने हमें शुरू से ही बांधे रखा। यह एक सच्चा हीरा है। एक जज ने कहा कि इस फिल्म में कहानी जिस तरह से कही गई है, वह काबिलेतारिफ है। यह खूबसूरती और भावनात्मक रूप से तैयार की गई एक संदेशात्मक फिल्म है। शुरूआती दृश्य से लेकर अंतिम दृश्य तक इस फिल्म ने मुझे अपने सिनेमाई जादू से बांधे रखा। अनिल मारवाड़ी ने बताया कि अब तक यह फिल्म 5 अलग-अलग फिल्म फेस्टिवल में ऑफिशियल सलेक्ट हो चुकी है। पवित्रा स्टूडियों के बैनर तले बनी लास्ट गेस्ट का निर्देशन और लेखन अनिल मारवाडी का है और संपादन कृष्ण कुमार शर्मा ने किया। संगीत डिजाइन विष्णु कुमार जांगिड, कैमरा मंगल सैनी और सौरभ वर्मा का है। फिल्म में सौरभ, श्याम, मदन मांगी के साथी रंगकर्मी मनोज स्वामी ने भूमिका निभाई है।

# इंदौर जैन समाज में रोष

## सड़क चौड़ीकरण के नाम पर जैन मंदिर को तोडने का नोटिस

राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया।




इंदौर। इंदौर उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर जैन मंदिर को तोडने का नोटिस और प्रथम चरण में सड़क पर 20 फीट मस्जिद और श्री राधा कृष्ण मंदिर जो बाधित वो सुरक्षित लेकिन नयापुरा में वर्ष 1566 में निर्मित प्राचीन जैन मंदिर जी प्रांगण को 457 वर्ष बाद 26 जून 2023 को अवैध अतिक्रमण लिखकर तोड़ने का नोटिस का इंदौर जैन समाज समाजिक सांसद महासमिति, परवार समाज सोशल ग्रुप फेडरेशन, परवार समाज महिला संगठन आदी ने सख्त विरोध किया है। युवा प्रकोष्ठ प्रवक्ता राजेश जैन दद्दू ने कहा कि अहिंसक व शांतिप्रिय जैन समाज पर जुल्म की पराकाष्ठा। नोटिस वापस लोः 12 मीटर की सड़क को 24 मीटर चौड़ी करने में अतिश्यकारी प्राचीन मंदिर जी को अवैध कहकर तोड़ना स्वीकार नहीं, 26 जून 2023 का नोटिस वापिस लो वरना देशव्यापी विरोध आंदोलन जैन समाज के द्वारा किया जाएगा।

# पत्रकार व कलाकार सम्मान समारोह 30 जून को

जयपुर. शाबाश इंडिया। सबरंग संस्था की ओर से शुक्रवार 30 जून को शाम 6.30 बजे यहां पिंकसिटी प्रेस क्लब सभागार में पत्रकार एवं कलाकार सम्मान समारोह-2023 आयोजन होगा। इस मौके पर शहर के एमिनेंट कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। संस्था अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ.सौम्या गुर्जर, मेयर ग्रेटर नगर निगम जयपुर की होंगी। समारोह की अध्यक्षता जेडीए आयुक्त आईएएस जोगाराम करेंगे। विशिष्ठ अतिथि मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (उत्तर-पश्चिम रेलवे) शशि किरण, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी डॉ.एलसी भारतीय, पिंकसिटी प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार सत्य पारीक, पिंकसिटी प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मीणा और व्यवसायी समाजसेवी गजेन्द्र जैन भी मौजूद रहेंगे। **इनका होगा सम्मानः** संस्था सचिव पं.राजेन्द्र राव ने बताया कि इस मौके पर सीनियर जर्नलिस्ट में एल एल शर्मा, श्रवण शर्मा, पंकज सोनी, गिरिराज अग्रवाल, डॉ.जीनत कैफी, सर्वेश भट्ट, पूनम चन्द्रा एवं पब्लिक रिलेशन ऑफिसर कमल जोशी का सम्मान किया जाएगा। कलाकारों में पं.रमेश मेवाल, राजेन्द्र जड़ेजा, रेनु शर्मा, वेदांत शर्मा, पं.भंवरलाल राव, डॉ.सुरभि शर्मा समेत एक्टर समर्थ शांडिल्य भी नवाजे जाएंगे।

# दादाबाड़ी में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



## गुरुदेव के बताए पथ चलकर ही आत्मकल्याण साध्वी मनोहरश्रीजी

अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया

अजमेर। शारान ज्योति शताकबानी परमपूज्या साधी मनोहर श्रीजी महारासा ने कहा कि दादागुरुदेव भी जिनदत्तसूर महाराज के बताए गए मार्ग पर चलकर अपनी आत्मा का कल्याण करना ही मानव के लिये उत्तम है और पाणी गाव की सेना करना ही दादागुरूदेव को सच्ची श्रद्धांजलि है। साध्वी मनोहरश्री जी महारासा बुधवार को खरतगच्छाचार्य दादाबाड़ी में खरतगच्छाचार्य दादागुरुदेव श्री जिनदत्तसूरि महाराज के ८६९वें स्वर्गारोहण समारोह में आयोजित दादागुरुदेव की गुणानुवाद सभा को सम्बोधित कर रही थी। श्री जिनदत्तसूरि मंडल के अध्यक्ष नरेन्द्र लूणिया ने बताया कि 2 दिवसीय दादा मेले की शुरूआत पातः 7.00 बजे से श्री पार्श्वनाथ एवं दादागुरूदेव की पक्षॉल एवं पूजा से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा के वस्त्रों व भगवान की पूजा अर्चना की। समारोह के मुख्य अतिथि रेवेन्यु बोर्ड मेम्बर रवि डांगी ने झण्डारोहण कर मेले की विधिवत शुरूआत की। गुणानुवाद सभा को प्रेमचंद लूणिया, जसवन्तमल मेहता, अरविन्द सिंघवी, सुशील वेद ने भी सम्बोधित किया। साध्वी रिगतप्रज्ञा श्रीजी महारासा ने गंगलाचरण कर गुणानुवाद सभा की शुरूआत की। संचालन नरेन्द्र लालन ने किया। गुणानुवाद सभा के प्रारम्भ में मेला आयोजक मेंहता व बच्छावत परिवार ने दादागुरूदेव के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा स्वागत गीत और नृत्य की प्रस्तुति दी। श्री जिनदत्तसूरि मण्डल के मंत्री अनिल कुमार गोलेच्छा ने मण्डल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह के मुख्य अतिथि रेवेन्यु बोर्ड मेम्बर रवि डांगी ने कहा कि जैनधर्म का रास्ता वैकुण्ठ प्राप्ति से भी ज्यादा श्रेयस्कर है। राजनैतिक और आर्थिक क्षेत्र में प्राप्ति पर हमें उतनी खुशी नहीं होती जितनी साधु साध्वियों के सानिध्य से प्राप्त होती है। उन्होंने आगे बोलते हुये कहा कि गुरू के आदेशों को सुनकर जीवन में उनका अनुसरण करें और गुरूदेव की पूजा करते समय उसमें आये अनुरारणों को मन में धारण करें यही गुरुदेव को सच्ची श्रद्धांजलि है।




# विमल परिसर में 2 जुलाई को चातुर्मास के कलश की स्थापना




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य 108 आचार्यश्री विमल सागर महाराज से दीक्षित परम पूज्य गणिनी 105 आर्यिका श्री नंगमति का भव्य चातुर्मास टोंक रोड, बीलवा,ग्राम नांगल्या के विमल परिसर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में होगा। श्री 108 सुधर्म नंग अहिंसा ट्रस्ट के मंत्री जीसी जैन ने बताया कि विमल परिसर में प्रवासरत आर्यिकाश्री को प्रबंधकारिणी समिति व समाज के गणमान्य लोगों ने श्रीफल भेंट कर वर्ष 2023 के लिए चातुर्मास करने का भक्तिपूर्वक आग्रह किया,जिसे माताजी ने स्वीकारते हुए विमल परिसर में चातुर्मास करने की स्वीकृति प्रदान की। चातुर्मास की स्थापना 2 जुलाई को होगी।

# हम संदेश प्रेम का लाए, सभी मिल करें धर्म साधना, भीलवाड़ा चातुर्मास बनाएं सफल

## महासाध्वी इंदुप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा का रूप रजत विहार भव्य गरिमापूर्ण चातुर्मासिक मंगलप्रवेश

**सुनील पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। भगवान महावीर के साथ जिनशासन एवं जैन धर्म के जयकारों की गूंज के बीच धर्मनगरी भीलवाड़ा के चन्द्रशेखर आजादनगर स्थित स्थानक रूप रजत भवन में बुधवार को वर्ष 2023 के चातुर्मास के लिए मरूधरा मणि महासाध्वी श्रीजैनमतिजी म.सा. की सुशिष्या मरूधरा ज्योति महासाध्वी इन्दुप्रभाजी म.सा.,आगम मर्मज्ञ डॉ. श्रीचेतनाजी म.सा., मधुर व्याख्यानी डॉ. दर्शनप्रभाजी म.सा., तत्वचिंतिका डॉ. समीक्षाप्रभाजी म.सा., आदर्श सेवाभावी दीप्तिप्रभाजी म.सा. एवं नवदीक्षिता हिरलप्रभाजी म.सा. आदि ठाणा 6 का भव्य गरिमापूर्ण चातुर्मासिक मंगलप्रवेश हो गया। इस अवसर पर शास्त्रीनगर के अहिंसा भवन में चातुर्मास करने जा रहे कंठा कोकिला पूज्य प्रीतिसुधाजी म.सा. एवं समीक्षाश्री म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। सुबह कमला विहार स्थित कुंदनमल, नवरतनमल, गोविन्दसिंह, अनमोल बाफना के निवास सी-15



चातुर्मासिक मंगलप्रवेश शोभायात्रा शुरू हुई। चातुर्मास आयोजक श्री अरिहन्त विकास समिति के तत्वाधान में निकाली गई प्रवेश शोभायात्रा में सबसे आगे चुंदड़ी पहने श्राविकाएं सिर पर मंगल कलश धारण किए हुए चल रही थी। जैन धर्म की ध्वजा हाथ में लिए हुए सैकड़ो श्रावक-श्राविकाएं शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभायात्रा चन्द्रशेखर आजादनगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए रूप रजत भवन तक पहुंची। यहां आयोजित धर्मसभा में मरूधरा ज्योति महासाध्वी इन्दुप्रभाजी ने कहा कि मारवाड़ से प्रेम का संदेश लेकर हम मेवाड़ की इस पावन धरा पर पहुंचे है। सभी को धर्म साधना के प्रति समर्पित होकर इस चातुर्मास को एतिहासिक सफल बनाना है।

# आचार्य सौरभ सागर का प्रताप नगर में चातुर्मासिक मंगल प्रवेश आज गुरुवार को



## चित्रकूट में हुआ मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** गणाचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के शिष्य आचार्य सौरभ सागर महाराज धर्मनगरी जयपुर में इस वर्ष का चातुर्मास प्रताप नगर स्थित सेक्टर 8 के दिगम्बर जैन मंदिर में होने जा रहा है, चातुर्मास को लेकर गुरुवार को आचार्य श्री का प्रताप नगर में भव्य शोभायात्रा, लवाजमों और जयकारों के साथ मंगल प्रवेश होगा। बुधवार को आचार्यश्री ने दुर्गापुरा जैन मंदिर से विहार करते हुए चित्रकूट कॉलोनी, सांगानेर में मंगल प्रवेश किया जहां पर सकल दिगम्बर जैन समाज सहित मंदिर प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति, महिला मंडल और युवा मंडल के पदाधिकारियों ने नाच-गा कर श्रद्धा-भक्ति के साथ अगवानी की, इस दौरान आचार्य श्री ने श्रीजी के दर्शन कर धर्मसभा को संबोधित करते हुए अपने आशीर्वचन दिए। प्रताप नगर सेक्टर 8 दिगम्बर जैन मंदिर अध्यक्ष कमलेश जैन बावड़ी वालों ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य सौरभ सागर महाराज का जयपुर ही नही बल्कि राजस्थान में पहली बार मंगल प्रवेश हुआ है, प्रताप नगर का सौभाग्य है राजस्थान की धरा पर पहली बार चातुर्मास करवाने का अवसर प्राप्त हुआ। जिसको लेकर आचार्यश्री गुरुवार को प्रताप नगर में मंगल प्रवेश करेंगे। **शोभायात्रा के साथ होगा आचार्य सौरभ सागर महाराज का प्रवेश:** मंदिर समिति मंत्री महेंद्र जैन पचाला वालों ने बताया कि गुरुवार को होने वाले आचार्य श्री के मंगल प्रवेश को भव्य बनाने के लिए शोभायात्रा का आयोजन किया गया है जिसमें आचार्य श्री की अगवानी प्रताप नगर सेक्टर 8, 5, 3 और 17 सहित श्योपुर रोड़ का जैन समाज एकजुट होकर हाथी, घोड़े, ऊंट, लवाजमों, बैंड-बाजों और जयकारों के साथ अगवानी करेगा। इससे पूर्व गुरुवार को प्रातः 6.30 आचार्य श्री चित्रकूट कॉलोनी जैन मंदिर से विहार कर श्योपुर रोड़, गौशाला चौराहा पहुंचेंगे जहां से शोभायात्रा का आयोजन होगा। जो टोंक रोड़, हल्दीघाटी मार्ग से होते हुए प्रताप नगर में प्रवेश करेंगे, आचार्य श्री की प्रवेश के अवसर पर सकल जैन समाज द्वारा पुष्पवर्षा कर अगवानी की जाएगी।




## संपादकीय

# पीएम की मिस्र यात्रा से व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

पिछले छब्बीस सालों में यह पहली बार था, जब भारतीय प्रधानमंत्री मिस्र की यात्रा पर गए। पिछले साल गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी को आमंत्रित किया गया था। यह भी पहली बार था, जब भारत ने मिस्र के किसी राष्ट्र प्रमुख को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया। तभी राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, व्यापारिक और प्रतिरक्षा आदि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर दोनों देशों के बीच व्यापक समझौते हुए थे। इस बार प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद दोनों देशों ने इसे रणनीतिक साझेदारी तक ले जाने का संकल्प लिया है। हालांकि मिस्र और भारत के संबंध सदियों पुराने हैं, मगर आज जिस तरह से दुनिया बदल रही है, उसमें रणनीतिक साझेदारी बहुत अहम हो गई है। भारत के लिए मिस्र एक बड़ा बाजार है, वह मिस्र को बड़े पैमाने पर निर्यात भी करता है, मगर अब भी वह उसकी पूरी संभावनाओं का दोहन नहीं कर पा रहा है। नए समझौतों के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि मिस्र के साथ व्यापार मौजूदा करीब सात अरब डालर से बढ़ कर पंद्रह अरब डालर तक पहुंच जाएगा। हालांकि इसकी राह में कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत मिस्र को इस्लामिक सहयोग संगठन के महत्त्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखता है। इस तरह मिस्र के साथ संबंध प्रगाढ़ होने से इस्लामिक देशों के साथ भी भारत के रिश्ते मजबूत होंगे। इस वक्त भारत के लिए बड़ी चुनौती पड़ोसी देश से आतंकवादी प्रश्रय को खत्म करने की है। अमेरिकी संसद को संबोधित करते हुए भी प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उस पर नकेल कसने की जरूरत पर बल दिया। मिस्र में भी उन्होंने इसे रेखांकित किया। अगर मिस्र गंभीरता दिखाए, तो पाकिस्तान से भारत को मिल रही आतंकी चुनौतियों को कम करने में काफी मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री की मिस्र यात्रा के बाद भारतीय व्यापार संगठनों ने सुझाव दिया है कि भारत को मिस्र के साथ मुक्त व्यापार शुरू करना चाहिए, इस तरह मिस्र की व्यापारिक संभावनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकता है। इस पर भारत सरकार क्या कदम उठाती है, देखने की बात है। मगर व्यापारिक दृष्टि से मिस्र अब भी भारत के लिए बड़ा बाजार है। करीब पचास भारतीय कंपनियों ने वहां लगभग साढ़े तीन अरब डालर निवेश किया हुआ है। भारत अपने निर्यात का बड़ा हिस्सा मिस्र को भेजता है। फिर स्वेज नहर के जरिए अफ्रीका और यूरोप तक भारत की पहुंच आसान हो सकती है। मगर मिस्र में भी भारत के लिए बड़ी अड़चन चीन है। मिस्र से चीन का कारोबार भारत से करीब दो गुना अधिक है। फिर, कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद जिस तरह मिस्र की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है, वह चीन की तरफ नजरें टिकाए रहता है। पिछले नौ सालों में मिस्र के राष्ट्रपति करीब आठ बार चीन की यात्रा कर चुके हैं। ऐसे में जिस तरह भारत की अमेरिका से नजदीकी बढ़ रही है, उसमें चीन किसी भी रूप में मिस्र को उसकी तरफ झुकने नहीं देना चाहेगा।



**-राकेश जैन गोदिका**

## वेद ज्ञान

### सभी सुखों की जननी सद्बुद्धि

समस्त दुखों की जननी कुबुद्धि है और समस्त सुखों और शांति की जननी सद्बुद्धि है। कुबुद्धि हमें आनंद से वंचित करके नाना प्रकार के क्लेश, भय और शोक-संतापों में फंसा देती है। जब तक यह कुबुद्धि रहती है तब तक कितनी ही सुख सामग्री प्राप्त होने पर भी चैन नहीं मिलता। एक चिंता दूर नहीं हो पाती कि दूसरी सामने आ खड़ी होती है। इस विषम स्थिति से छुटकारा पाने के लिए सद्बुद्धि जरूरी है। इसके बिना शांति मिलना किसी भी प्रकार संभव नहीं। संसार में जितने भी दुख हैं, कुबुद्धि के कारण हैं। लड़ाई-झगड़ा, आलस्य, दरिद्रता, व्यसन, व्यभिचार, कुसंग आदि के पीछे मनुष्य की दुर्बुद्धि ही काम करती है। इन्हींकारणों से रोग, अभाव, चिंता, कलह आदि का भी प्रादुभाव होता है और नाना प्रकार की पीड़ाएं सहनी पड़ती हैं। कर्म का फल निश्चित है, खराब कर्म का फल खराब ही होता है। कुबुद्धि से बुरे विचार बनते हैं। उपासना के फलस्वरूप मस्तिष्क में सद्विचार और हृदय में सद्भाव उत्पन्न हो जाते हैं, जिसके कारण मनुष्य का जीवनक्रम ही बदल जाता है। अंगीठी जलाकर रख देने से जिस प्रकार कमरे की सारी हवा गर्म हो जाती है और उसमें बैठे हुए सभी मनुष्य सर्दी से मुक्त हो जाते हैं। उसी प्रकार घर के थोड़े से व्यक्ति भी यदि सच्चे मन से सद्बुद्धि की शरण लेते हैं तो उन्हें स्वयं तो शांति मिलती ही है, साथ ही उनकी साधना का सूक्ष्म प्रभाव घर भर पर पड़ता है और चिंताजनक मनोविकारों का शमन होने व सुमति, एकता, प्रेम, अनुशासन और सद्भाव की परिवार में वृद्धि होती है। साधना निर्बल हो तो प्रगति धीरे-धीरे होती है, पर होती अवश्य है। सद्बुद्धि एक शक्ति है जो जीवनक्रम को बदलती है। उस परिवर्तन के साथ-साथ मनुष्य की परिस्थितियां भी बदलती हैं। सद्बुद्धि आत्म-निरीक्षण आत्म-शुद्धि आत्म-उन्नति और आत्म-साक्षात्कार करने की शक्ति उत्पन्न कर देती है। जैसे ही मनुष्य के अंतःकरण में सद्बुद्धि का पदार्पण होता है वैसे ही वह अपनी कठिनाइयों का दोष दूसरों को देना छोड़कर आत्म-निरीक्षण आरंभ कर देता है। अपने अंदर जो त्रुटियां हैं, उन्हें तलाशता और हटाता है। ऐसी गतिविधि ग्रहण करता है जो अपने और दूसरों के कष्ट बढ़ाने में नहीं, बल्कि सुख सुविधा के उत्कर्ष में सहायक हो।

## परिदृश्य

# लापरवाही...

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन परिसर में व्यवस्थागत लापरवाही की कीमत जिस तरह एक महिला को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी, उससे एक बार फिर यही साबित होता है कि सरकारी महकमों को होश तभी आता है जब कोई बड़ा हादसा हो जाए। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि देश की राजधानी होने के नाते नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को व्यवस्था के स्तर पर हर तरह से चाक-चौबंद बताया जाता रहता है, लेकिन वहीं परिसर में खड़ा कोई बिजली का खंभा जानलेवा साबित हो जाता है। रविवार की सुबह रेलगाड़ी से चंडीगढ़ जाने के लिए पहुंचे एक परिवार को स्टेशन परिसर में जमा बारिश के पानी को पार करके आगे बढ़ना था। परिवार में एक स्कूल शिक्षिका ने जब पानी में फिसल कर गिरने से बचने के लिए पास के एक खंभे का सहारा लेने की कोशिश की, तो उसमें प्रवाहित हो रहे करंट की वजह से उनकी जान ही चली गई। यह प्रथम दृष्टया एक हादसा लग सकता है, लेकिन साफ है कि परिसर में पानी जमा होने से लेकर खंभे में करंट प्रवाहित होना सिर्फ दायित्वों में लापरवाही और व्यवस्थागत बदहाली का नतीजा है, जिसकी वजह से एक महिला को जान गंवानी पड़ी। सवाल है कि बिजली के खंभे में करंट प्रवाहित होने की वजह और क्या हो सकती है, सिवाय इसके कि उसकी देखरेख और निगरानी करने वाले संबंधित महकमे या उसकी ओर से ड्यूटी पर तैनात किसी व्यक्ति ने अपना दायित्व सही तरीके से पूरा करने में घनघोर लापरवाही बरती? स्टेशन परिसर में बने पार्किंग क्षेत्र को किस तरह बनाया गया है कि वहां बारिश का पानी इस कदर भर गया था कि लोगों के लिए आना-जाना भी खतरनाक हो गया था। गौरतलब है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन एक भीड़भाड़ वाली जगह है और वहां अमूमन हर वक्त ही अपने गंतव्य तक जाने वाले लोगों की खासी तादाद मौजूद रहती है। दूसरी ओर, व्यवस्था और सुविधाओं की कसौटी पर इस स्टेशन को हर स्तर पर बेहतर बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती है। लेकिन यह कैसी व्यवस्था है कि वहां ट्रेन से अपने किसी गंतव्य की ओर जाने के लिए पहुंचा कोई व्यक्ति जान गंवा बैठता है? क्या यह साफ तौर पर लापरवाही से हुई मौत का मामला नहीं है? इसके लिए किसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी? यों व्यवस्थागत कोताही का यह कोई अकेला मामला नहीं है। आए दिन ऐसी खबरें आती रहती हैं, जिनमें यह बताया जाता है कि सड़क किनारे किसी बिजली के खंभे में प्रवाहित हो रहे करंट से अनजान कोई व्यक्ति धोखे से उसकी चपेट में आ जाता है और उसकी मौत हो जाती है। इसी तरह, मुख्य रास्ते के बीच या किनारे मैनहोल या फिर खुले नाले किसी की मौत को न्योता दे रहे होते हैं, जिनमें गिर कर नाहक ही किसी की जान चली जाती है। ऐसे मामलों को आमतौर पर हादसा मान लिया जाता है और इसके लिए शायद ही किसी की जिम्मेदारी तय की जाती है। जबकि ऐसी घटनाएं सीधे-सीधे संबंधित महकमों के दायित्वों के निर्वहन में बरती गई घनघोर लापरवाही का नतीजा होती हैं और इसके लिए पर्याप्त मुआवजा दिया जाना चाहिए। आम रास्तों या लोगों की आवाजाही वाले इलाकों में नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने के साथ-साथ उनके रखरखाव के लिए एक पुख्ता तंत्र होता है लेकिन आमतौर पर ये कागजों में ही शोभा पाते रहते हैं और इसका खमियाजा आम लोगों को उठाना पड़ता है। जरूरत इस बात की है कि ऐसी हर घटना के बाद जिम्मेदारी तय की जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में हादसे के नाम पर ऐसे मामलों को पूरी तरह रोका जा सके।

# जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन समाज ने आर्यिका विशेष मति माताजी को मोजमाबाद में चातुर्मास हेतु किया श्रीफल भेंट





### 2023 में जयपुर में आर्यिका माताजी का चातुर्मास जनकपुरी में। जनकपुरी में तीन जुलाई को मंगल प्रवेश संभावित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**


जनकपुरी - ज्योति नगर जैन समाज ने आज मन्दिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के नेतृत्व में मोजमाबाद में विराजित गणिनी आर्यिका विशुद्ध मति माताजी की शिष्या विशेष मति माताजी को वर्ष 2023 के चातुर्मास के लिए अर्घ बोलते हुए जयकारो के साथ श्रीफल भेंट किया। इस समय कमेटी के मंत्री देवेंद्र कासलीवाल कोषाध्यक्ष सोभाग अजमेरा , महेश काला, महावीर बिदायक्या, महिला मण्डल अध्यक्ष शकुन्तला बिंदायक्या, मंत्री अनीता बिंदायक्या, युवा मंच मंत्री प्रतीक जैन के अलावा प्रकाश गंगवाल, जे के जैन, प्रदीप चाँदवाड, ताराचंद गोधा, मंजू गोधा, बीना गंगवाल, प्रिया बिंदायक्या, मीना चाँदवाड सहित कई गणमान्य सदस्य मोजूद रहे। जयपुर शहर में वर्ष 2023 में इनके अलावा और किसी आर्यिका माताजी का चातुर्मास नहीं हो रहा है। मोजमाबाद के समाज ने सभी का स्वागत किया। आर्यिका माताजी का झाग बगरू बड़ के बालाजी होते हुए जनकपुरी में चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश तीन जुलाई को संभावित है।

# मुनि शुद्ध सागर महाराज के वर्षायोग को लेकर तैयारियां जोरों पर, आमंत्रण पत्रिका का हुआ विमोचन



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के सानिध्य में बिचला जैन मंदिर के पास शांतिनाथ भवन में आयोजित होने वाले 2023 के वर्षायोग को लेकर मुनि शुद्ध सागर महाराज संध के 2 जूलाई को निवाई मे मंगल आगमन एवं 9 जूलाई को वर्षायोग मंगल कलश स्थापना समारोह की आमंत्रण पत्रिका का जयकारों के साथ विमोचन किया गया। जिसमें हेमचंद संधी, नवरत्न टोंग्या, विमल जौंला, ज्ञानचंद सोगानी, पुनित संधी, शिखरचंद काला, त्रिलोक पांडया, मनोज पाटनी, पदम टोंग्या, विमल सोगानी, राजेश पाटनी, महेन्द्र संधी, विजय टोंग्या सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ के समक्ष जयकारों से आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया। विमल जौंला ने बताया कि मुनि शुद्ध सागर महाराज 2 जूलाई को वर्षायोग के लिए निवाई मे मंगल प्रवेश करेंगे जिसकी तैयारियां जोरशोर से चल रही है।



# विधानसभा रिपोर्टर्स एसोसिएशन ने सहायक सम्पादक जयकुमार जैन को दी विदाई पार्टी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान विधानसभा सचिवालय में सहायक सम्पादक जयकुमार जैन 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। रिपोर्टर एसोसिएशन की ओर से आज जैन को विदाई पार्टी दी गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद मीणा ने बताया कि फेयरवेल पार्टी में पूर्व सम्पादक रमेश पथरिया एवं अतुल मेहरोत्रा सहित पूर्व सहायक सम्पादक मोहनलाल बलाई एवं उमराव सिंह चौहान सहित एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे। वक्ताओं ने श्री जैन की सेवाओं की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।





## रिकॉर्ड होल्डर्स का महासमागम

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** इंफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने सौ रिकॉर्ड धारियों का एक समागम जयपुर में आयोजित किया। आयोजक जयेश भट्ट और महिमा जैन ने बताया कि कार्यक्रम में एक सुई और पेंसिल पर सबसे छोटे टरबन के निर्माण का रिकॉर्ड बनाने वाले कृष्ण चंद, लाइव स्केच पेंटिंग के माध्यम से अद्वितीय प्रतिभा प्रदर्शित करने वाली बिनू प्रजापति और तेज चालू चित्रकारी कौशल से दर्शकों को आश्चर्यचकित करने वाली नूरजहां जैसे अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया गया। एमपी स्कूल की संस्थापक कांता गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन विशेष व्यक्तित्वों को उनकी प्रतिभा का प्रदर्शन करने, अपने अनुभवों का साझा करने और दूसरों को उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने का मंच था।


जैन सोश्यल ग्रुप महानगर

25th HAPPY ANNIVERSARY

28 जून '23

9024714787



श्री राहुल - रितु जैन

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सदस्य

को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

संजय-सपना जैन छाबड़ा आवा: अध्यक्ष

सुनील-अनिता गंगवाल: सचिव

प्रदीप-निशा जैन: संस्थापक अध्यक्ष

स्वाति-नरेंद्र जैन: ग्रीटिंग कमेटी चेयरमैन

# जैन सौशल ग्रुप महानगर करेगा स्किन डोनेशन का प्रचार-प्रसार






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जेएसजीआईएफ नोर्थन रीजन द्वारा दिनांक 25 जून को महावीर स्कूल सी स्कीम, जयपुर में जैन सौशल ग्रुप्स के सभी पदाधिकारियों एवं कार्य कार्यकारिणी सदस्यों की कार्यशाला आयोजित की गई थी जिसमें जैन सौशल ग्रुप महानगर ने नोर्थन रीजन के तत्वावधान में स्किन डोनेशन के लिए प्रचार एवं प्रसार करने की घोषणा की गई। महानगर ग्रुप अध्यक्ष संजय छाबड़ा एवं सचिव सुनील गंगवाल ने बताया कि यह कार्य महानगर ग्रुप के सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत किया जायेगा। जिसके लिए अलग से एक कोष की स्थापना की गई है। इस कार्यक्रम के सयोजक महानगर ग्रुप के सभी पूर्व अध्यक्ष रहेगें। इस



कार्यशाला में स्किन डोनेशन की पूरी प्रक्रिया एवं स्किन बैंक कैसे काम करता है के बारे मे डॉ राकेश जैन, वरिष्ठ प्रोफेसर, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, सवाई मानसिंह अस्पताल ने उपस्थित जन समुदाय को विस्तृत रूप से बताया साथ ही इसके लिए शपथ पत्र भी भरने का अनुरोध किया। रीजन चैयरमैन महेंद्र सिंघवी द्वारा डॉ राकेश जैन का माला, शाल एवं स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया। महानगर ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष रवि प्रकाश जैन ने कार्यशाला में महानगर ग्रुप को यह अवसर प्रदान करने पर रीजन चैयरमैन महेंद्र सिंघवी एवं रीजन टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। महानगर ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप जैन, सीएस जैन, रवि प्रकाश जैन, विरेंद्र जैन, राजीव जैन, दिपेश छाबड़ा के साथ साथ पूरे महानगर के पदाधिकारी एवं कार्य कार्यकारिणी सदस्य टीम उपस्थित रही। महानगर ग्रुप टीम ने कार्यक्रम के दौरान फेडरेशन अध्यक्ष अमीश दोषी से भी मुलाकात कर महानगर ग्रुप द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यो से अवगत करवाया।

## चातुर्मास हेतु मुनिश्री आदित्य सागर जी, मुनि श्री अप्रमित सागर जी, मुनि श्री सहज सागर जी महाराज का भीलवाड़ा में मंगल प्रवेश




**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर आर.के.कॉलोनी भीलवाड़ा में चातुर्मास हेतु आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज, मुनि श्री अप्रमित सागर जी महाराज, मुनि श्री सहज सागर जी महाराज वस्त्र एवं धर्म नगरी भीलवाड़ा में अपार उत्साह उमंग के साथ मंगल प्रवेश हुआ। हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ा। सारा वातावरण धर्म में हो गया। 8 किलोमीटर की दूरी तय कर शोभायात्रा आर.के.कॉलोनी पहुंची। इस अवसर पर मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ने धर्म देशना में कहा कि मनुष्य जन्म मिला है अपने कर्मों को सुंदर बनाएं। साधु का हाथ पकड़ा तो सिद्ध शिला तक पहुंचा सकते हैं। गुरु मुख से निकला शब्द कभी खाली नहीं जाता है। चातुर्मास साधु के लिए साधना के लिए होता है। अहिंसा महाव्रत की पालना की जाती है। उसमें सभी को सहायक बनना है। उन्होंने कहा कि मुनि चर्या कैसी होती है। उसे सभी को सिखाया जाएगा। बचपन से 55 वर्ष तक आयु के पुरुष, महिलाएं, युवा की कक्षाएं लगेगी। जो स्वाध्याय करते हैं उन्हें अलग समय दिया जाएगा। मुनिश्री ने कहा कि यह चातुर्मास्र विशुद्ध ज्ञान वर्षर के नाम से जाना जाएगा । उन्होंने कहा कि प्रभावना के कई आयोजन किए गए हैं। अब हमें जिनशासन धर्म मार्ग के प्रयोजन को सीखना है। तभी हमारा कल्याण होगा ।

## श्री 108 सर्वानं जी, मुनि श्री 108 जिनानंद जी, मुनि श्री 108 पुण्यानंद जी का चातुर्मास मीरा मार्ग पर

### चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश एक जुलाई को भव्य जुलूस के साथ होगा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मीरा मार्ग मानसरोवर में परम पूज्य आचार्य 108 श्री वसुनंदी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 सर्वानंद जी महाराज, मुनि श्री 108 जिनानंद जी महाराज, मुनि श्री 108 पुण्यानंद जी महाराज का मीरा मार्ग जैन मंदिर में मंगल प्रवेश 1 जुलाई को प्रातः होगा । समिति के मंत्री राजेंद्र कुमार सेठी ने बताया कि प्रातः 7:00 थड़ी मार्केट जैन मंदिर से एक भव्य जुलूस के साथ शोभायात्रा निकलेगी जो मानसरोवर के मध्यम मार्ग से होते हुए मीरा मार्ग स्थित जैन मंदिर पहुंचेगी। जहां पर महिलाएं एवं पुरुष मुनि संघ की अगवानी कर पाद प्रक्षालन करेंगे। उसके पश्चात मंदिर में ही धर्म सभा होगी। समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया ने बताया कि चातुर्मास कलश स्थापना 9 जुलाई को दोपहर 1:00 बजे आदिनाथ भवन मीरा मार्ग में होगी ।

# प्रीमियर हैंडबॉल लीग का भव्य आयोजन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

एसएमएस स्टेडियम में प्रीमियर हैंडबॉल लीग का फाइनल मैच खेला गया जिसके मुख्य अतिथि राजीव अरोड़ा रहे। कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध सिंगर रविंद्र उपाध्याय के मधुर गाने से की गई और उसके बाद कोरियोग्राफर मनोज शर्मा की कम्पनी दिवा परफॉर्मिंग आर्ट्स के कलाकारों द्वारा एक खेल को समर्पित नृत्य प्रस्तुति दी गई जिसको मनोज शर्मा द्वारा कोरियोग्राफ किया गया। इसका सीधा प्रसारण जिओ सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 पर किया गया। मनोज शर्मा जो कि जयपुर में डांस कोरियोग्राफर हैं और उनकी कंपनी दीवा परफॉर्मिंग आर्ट्स न केवल जयपुर बल्कि ग्लोबल इंडिया फेम है।






## भारतीय जैन युवा परिषद द्वारा मनोरंजक गेट टू गेदर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** भारतीय जैन युवा परिषद परिवार के सदस्यों ने स्वप्नलोक रिसोर्ट अजमेर रोड पर पूल पार्टी का आयोजन किया जिसमे युवा परिषद के लगभग 77 कपल सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक योगेश बड़जात्या एवं सारथी काला ने बताया कि सदस्यों ने कार्यक्रम की शुरूआत में तीन बार णमोकार मंत्र का जाप किया, उसके पश्चात सदस्यों को अनोखे अंदाज में हाउजी खिलाई गई और सदस्यों द्वारा आज अंडर आर्म क्रिकेट का भी आनंद लिया गया। संयोजक द्वारा सभी सदस्यों के लिए आकर्षक कपल गेम का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। युवा परिषद परिवार के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र बोहरा एवं महामंत्री रवि रावंका ने अवगत कराया कि हम सब धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ ऐसे कार्यक्रम भी आयोजित करते रहते हैं जिससे लोगों मे ऐसे कार्यक्रम के साथ धर्म के प्रति रुचि बनी रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष नेमीचंद छाबड़ा एवं कोषाध्यक्ष राकेश काला ने बताया कि सभी सदस्यों ने हाउजी एवं कपल गेम खेलने के बाद स्विमिंग का आनंद लिया एवं शाम को सभी सदस्यों के लिए वात्सल्य भोजन का भी आयोजन रिसोर्ट पर ही रखा गया। कार्यक्रम में अनंत जैन, विजय पाटनी, अखिल बाकलीवाल, अजय जैन, मीना अजमेरा, सर्वेश काला, वंदना छाबड़ा, ममता बोहरा, आलोक पाटनी, सोनिया जैन, मिथिलेश काला, शर्मिला पाटनी, अंजना जैन, प्रेरणा पाटनी आदि ने भाग लिया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com




# संत शिरोमणि सुधा सागर महाराज का धौलपुर आगमन, हुआ भव्य स्वागत

## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने गुरुवर को श्रीफल भेट कर लिया आशीर्वाद

**धौलपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि जगत पूज्य मुनि सुधासागर महाराज ससंघ का मुरैना से विहार करते हुए शोभायात्रा के रूप में दिनांक 28 जून बुधवार शाम 4:00 बजे चंबल पुल से धौलपुर शहर में प्रवेश हुआ। गुरुवर का हजारों लोगों ने चंबल पुल पर पहुंचकर भव्य स्वागत किया। परम पूज्य गुरुवर की शोभा यात्रा गुलाब बाग होते हुए जैन मंदिर में पहुंची जहां पर विश्व प्रसिद्ध कार्यक्रम शंका समाधान आयोजित किया गया। जिसे 122 देशों में लाइव देखा गया चंबल पुल से लेकर जैन मंदिर तक हजारों की संख्या में भक्तो ने सुधा सागर महाराज की आरती उतारकर पाद प्रक्षालन कर स्वागत किया। वही पैलेस में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने पूज्य गुरुवर को श्रीफल भेट कर पूज्य गुरुवर का आशीर्वाद प्राप्त किया एवम मंगल आरती की। वही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे गुरुवर के मंगल विहार में शामिल हुई और जैन मंदिर तक उनके साथ विहार में पैदल चली गुरुवर के स्वागत में मुरैना ग्वालियर आगरा झांसी मनिया जबलपुर मुजफ्फरनगर दिल्ली राजाखेड़ा समाज से बड़ी संख्या में लोग गुरुवर का का आशीर्वाद लेने पहुंचे। धौलपुर जैन समाज के अध्यक्ष धनेश जैन, समाज के मंत्री अमित जैन, सोनू धर्मशाला अध्यक्ष पवन जैन, मेडिकल उपाध्यक्ष जैन समाज प्रवास जैन कोषाध्क्ष पवन जैन, सह मंत्री वीरेंद्र जैन, कृष्ण मोहन जैन, दिलीप जैन, विनय जैन, डाल चंद जैन, मानिक चंद जैन, अजय जैन, जगदीश जैन, रूपेश जैन, टॉमी जैन, सुभाष जैन सहित बड़ी संख्या में श्रावक श्रविका मौजूद रहे।



संकलनः अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी

# रविंद्र मंच के भव्य सभागार में फिल्म फर्जी पप्पू पोपटलाल का पोस्टर आम जनता ने लांच किया






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

ध्रुव एजुकेशनल सोसायटी और बॉलीवुड फैशन डिजाइनर पियूष सोनी जैन द्वारा आयोजित पोस्टर लांच प्रोग्राम में राजस्थान में बनी कॉमेडी फिल्म फर्जी पप्पू पोपटलाल का पोस्टर लांच किया गया । फिल्म के लेखक निर्देशक राज मिर्जा हैं फिल्म इंफिनिटी मीडिया थिएटर सोसाइटी के बैनर तले बनी है यह फिल्म आज के युवाओं को शॉर्टकट ना अपनाने की सलाह देती है,फिल्म इंडस्ट्री और रंगमंच की दुनिया में फजी निर्देशकों और निमार्ताओं की पर्सनल लाइफ कैसी होती है इस विषय पर आधारित है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पियूष सोनी जैन थे, जो की बॉलीवुड में सक्रिय फैशन डिजाइनर हैं। फिल्म की पूरी कास्ट व टेक्नीकल टीम भी कार्यक्रम में मौजूद थी। इस संपूर्ण कार्यक्रम के आयोजक डॉक्टर डॉ ललित कुमार बांगा ने सभी अतिथियों का मोमेंटो वा माल्यार्पण कर स्वागत किया। फिल्म की पूरी कास्ट और टेक्निकल क्रू जिसमे राज मिर्जा,मोहम्मद इलियास खान, हेमंत शर्मा,जेपी चोपड़ा, ओपी शर्मा,जॉर्ज ग्रोवर महेश शर्मा, श्रद्धा तिवारी, मधु भाट,शैलेंद्र सिंह,सुशांत सैन, शालिनी माथुर, चंद्रकला शर्मा, श्यामवीर सिंह, कृष्णा मीणा, विष्णु मीणा, आदित्य भाट, व मैराज खान है।फिल्म के एडिटर गोकुल एडिटेक्स है।फिल्म के **DOP** खेमराज मीना और ओमी एडिटेक्स है।फिल्म में एनीमेशन और क्रिएटिव वर्क यश प्रताप सिंह, राहुल पालीवाल, अनीश सोनी व विशेष शर्मा तैयार कर रहे हैं।

# श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की महाआरती में झूमकर नाचे श्रद्धालु



## विद्यमान बीस तीर्थकर प्रभु होगे वेदी पर विराजित

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

आप लोगों की भक्ति भावना ने मुनि श्री को भी बुला लिया पंचायत कमेटी चाहती थी कि मुनि श्री आगम सागर जी महाराज के सान्निध्य में विधान का शुभारंभ हो लेकिन आपका सभी के पुण्य से संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज मुनि श्री निरापद सागरजी महाराज ससंघ का हमे दो दिन का सान्निध्य मिलने जा रहा है आज यहां और कल गुरुवार को शान्ति नगर मन्दिर याग मंडल विधान पूज्य श्री के सान्निध्य में होगा उक्त आश्य के उद्गार मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने गांव मन्दिर में भव्य आरती समारोह में व्यक्त किए।गाव मन्दिर में चल रहे श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में भक्ति और उत्सव का एक अलग ही आनंद देखने को मिला, जब श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की महाआरती सौधर्म इंद्र शैलेन्द्र कुमार अथाई खेड़ा परिवार के निवास से गाजे बाजे के साथ जिनालय पहुंची। महिलाओं, बच्चों व पुरुष वर्ग ने झूम कर प्रभु की भक्ति संगीत की स्वर लहरियां और भक्तों की जय जय कार के वीच की ज्ञात हो कि बहुत लंबे समय बाद गांव मंदिर जी में इतना उल्लास का वातावरण देखा गया। हर कोई भक्ति से सराबोर था और श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की महा आरती में मधुर भजनों की धुन पर सभी के पैर थिरक रहे थे। आचार्य श्री विद्यासागर महा मुनिराज एवं निर्याप श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधा सागर महाराज के आशीर्वाद से मुनि श्री 108 निरापद सागर मुनिराज के श्री सानिध्य व नमन भैया के निर्देशन में कल 29 जून गुरुवार को दोपहर 1:00 बजे से वेदी शुद्धि, याग मंडल विधान के साथ विद्यमान 20 तीर्थंकर भगवान को उच्चासन पर विराजमान किया जावेगा।